पटना में 8 लाख की नकली दवाएं जब्त:ग्रामीण जिलों में होती थी सप्लाई, कई दवा एजेंसियां-फार्मा कंपनियां रडार पर

पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र में औषधि नियंत्रण प्रशासन ने एक निजी मकान में चल रही नकली दवाओं की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में लगभग आठ लाख रुपये मूल्य की नकली दवाएं, रैपर, नामी कंपनियों के लेबल और दवा बनाने वाली मशीनें बरामद की गईं।

अधिकारियों के अनुसार, सुनील कुमार झा इस रैकेट का मुख्य आरोपी और फैक्ट्री का मालिक है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

Source: https://www.bhaskar.com/g/local/bihar/patna/news/patna-fake-medicine-factory-raid-8-lakh-seized-137159521.html